# कार्यालय उप निदेशक गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी।

Office: Forest Colony (Kotbanglow) Dist. Uttarkashi, Phone & Fax 01374-222695,
Email- ddgangotrinationalpark@gmail.com

पत्रांक : 300 /29–1 कोटबंगला, दिनांक: 07/10/ , 2020

सेवामें,

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी।

विषय – रिट याचिका (पी.आई.एल) संख्या– 148/2017 श्री अजय गौतम बनाम राज्य व अन्य के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में चाही गई सूचना बिन्दुवार निम्न प्रकार से प्रेषित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. गोमुख में गंगोत्री ग्लेशियर तक जाने के क्या साधन हैं। | पैदल |
| 2. गंगोत्री ग्लेशियर जाने के लिये मार्ग कब से कब तक खुला रहता है। | पार्क खोलने की तिथि अप्रैल से 15 नवम्बर तक |
| 3. उक्त ग्लेशियर सड़क से कितनी दूरी पर स्थित है तथा इस मध्य पड़ने वाले गांव एवं अन्तिम छोर पर क्या आवासीय व्यवस्था है। | गंगोत्री धाम सड़क से 2किमी0 कनखू, कनखू से चीड़बासा 7किमी0, चीड़बासा से भोजबासा 5किमी0, भोजबासा से गोमुख 5किमी0, गोमुख से ग्लेशियर 1 किमी0 दूरी पर पैदल चलने पर ग्लेशियर दिखाई पड़ता है। इस बीच में कोई भी गांव नही है। आवासीय व्यवस्था भोजबासा में ही है। |
| 4. उक्त ग्लेशियर के अन्तिम छोर पर स्थित पुलिस/वन /राजस्व विभाग की चौकियों में तैनात कार्मिकों द्वारा इस प्रकरण पर कोई आख्या उपलब्ध कराया गया है। | ग्लेशियर के अन्तिम छोड पर कोई पुलिस/वन /राजस्व चोकि नही है। उक्त चौकियां भोजबासा में है। वनक्षेत्राधिकारी की आख्या दिनांक 02.09.2020 की छायाप्रति संलग्न है। |
| 5. उक्त ग्लेशियर के आस–पास के बुग्यालों में विस्थापित/निवासरत् चरवाहों द्वारा ग्लेशियर के सम्बन्ध में कोई जानकारी दी गयी है/दी जा सकती है। | उक्त ग्लेशियार के आस–पास चारागाहों/विस्थापित का निवासरत नही है। तथा ग्लेशियर के आस–पास बुगयाल तपोवन/नन्दनवन व रक्तवन आदि |
| 6. उक्त ग्लेशियर में भ्रमण पर गये पर्यटकों द्वारा कोई सूचना दी गयी है। | उक्त ग्लेशियर के सम्बन्ध में पर्यटकों द्वारा कोई सूचना नही दी गयी है। पर्यटकों द्वारा ग्लेशियर दूर से ही देखा जाता है। |
| 7. उक्त ग्लेशियर के मुख पर कालान्तर में बनी झील के निरीक्षण हेतु भ्रमण किस माह से किस माह तक किया जा सकता है। | वनक्षेत्राधिकारी की जांच आख्य के अनुसार ग्लेशियर के पास कोई झील नही है। अप्रैल से 15 नवम्बर तक मौसम निरीक्षण हेतु अनुकुल रहता है। |

भवदीय,

उप निदेशक
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क
उत्तरकाशी।

CamScanner

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन अनुभाग–1
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

संख्याः–1552 / तेरह–आ0प्र0प्राधि0 / 2019–20 दिनांक 3 अक्टूबर, 2020।

विषयः– **Writ Petition PIL No 148 of 2017 " Ajay Gautam Vs. State of Uttrakhand & Ors.**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक रिट पिटिशन पी0एल0आई0 संख्या– 148/2017 अजय गौतम एवं उत्तराखण्ड सरकार एवं अन्य के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अवगत कराना है कि विगत वर्ष भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) के सम्भरण क्षेत्र में भूस्खलन के कारण अस्तित्व में आयी झील बनने की सूचना पर उक्त क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के दृष्टिगत निगरानी हेतु समय–समय पर उक्त क्षेत्र की मॉनिटरिंग किये जाने हेतु उक्त क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के नेत्तृव में सर्वेक्षण दल भेजा जाता है।

अतः वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी द्वारा प्रस्तुत संलग्न आख्या में अवगत कराया गया है कि सर्वेक्षण दल द्वारा भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) क्षेत्र का दिनांक0 02.09.2020 को सर्वेक्षण किया गया है। जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि गौमुख हिमनद के आस–पास किसी प्रकार की झील नहीं बनी है, गौमुख क्षेत्र सुरक्षित है तथा किसी प्रकार का भूस्खलन सम्बन्धी प्रक्रिया विद्यमान नहीं है।

अतएव आख्या सादर महोदय की सेवा में प्रेषित

संलग्न–यथोपरि

भवदीय,

मुख्य अधिशासी अधिकारी,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।
3/10/2020

CamScanner

सेवा में,

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी

विषय – गंगोत्री क्षेत्र के अन्तर्गत गोमुख तपोवन का निरिक्षण
(दि० 2-9-2020 के क्रम)

महोदय,

आपके कार्यालय से दूरभाष पर दिये गई निर्देश के क्रम में अधोहस्ताक्षरित के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया. गंगोत्री हिमनद के सम्मुख क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई झील आदि नही है. पूर्ण गोमुख क्षेत्र सुरक्षित है किसी भी प्रकार की कोई भूस्खलन सम्बन्धी प्रक्रिया नही विद्यमान है.

अत: महोदय को रिपोर्ट आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

भवदीय
[signature] 2-9-2020.
वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क
उत्तरकाशी

CamScanner